**Roll. No. .........................**

**O.M.R. Serial No.** | | | | | | | |

| Question Booklet Number |
|---|
| |

**B.A. (SEM.-II) (NEP) EXAMINATION, 2025-26**

# HINDI

## ( Karyalayi Hindi or Computer )

| Paper Code | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 0 | 1 | 0 | 2 | 0 | 1 | T |

| Question Booklet Series |
|---|
| D |

**Time : 1 : 30 Hours** **Max. Marks : 75**

**Instructions to the Examinee :**

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. All questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.
4. Four alternative answers are mentioned for each question as - A, B, C & D in the booklet. The candidate has to choose the correct / answer and mark the same in the OMR Answer-Sheet as per the direction :

***(Remaining instructions on last page)***

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गए हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, उसे तुरन्त बदल लें।
4. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार सम्भावित उत्तर- A, B, C एवं D हैं। परीक्षार्थी को उन चारों विकल्पों में से सही उत्तर छाँटना है। उत्तर को OMR उत्तर-पत्रक में सम्बन्धित प्रश्न संख्या में निम्न प्रकार भरना है :

*(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)*

1. राजभाषा आयोग का गठन किस अनुच्छेद के अधीन किया जाता है?

(A) अनुच्छेद 343

(B) अनुच्छेद 344

(C) अनुच्छेद 351

(D) अनुच्छेद 348

2. संविधान की आठवीं अनुसूची में हिन्दी का स्थान क्या है?

(A) यह अनुसूची में शामिल नहीं है

(B) यह 22 अनुसूचित भाषाओं में शामिल है

(C) यह केवल राजभाषा है, अनुसूची में नहीं

(D) यह विदेशी भाषा के रूप में शामिल है

3. उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में भाषा का संवैधानिक प्रावधान क्या है?

(A) केवल हिन्दी

(B) अंग्रेजी

(C) कोई भी भारतीय भाषा

(D) राज्य की भाषा

4. राज्यों की राजभाषा के सम्बन्ध में संविधान का कौन–सा अनुच्छेद लागू होता है?

(A) अनुच्छेद 343

(B) अनुच्छेद 351

(C) अनुच्छेद 345

(D) अनुच्छेद 344

5. हिन्दी भाषा की संवैधानिक स्थिति के अनुसार निम्नलिखित में से कौन–सा कथन असत्य है?

(A) हिन्दी संघ की राजभाषा है

(B) हिन्दी का विकास करना राज्य का कर्तव्य है

(C) संविधान में हिन्दी को राष्ट्रभाषा शब्द से सम्बोधित किया गया है

(D) देवनागरी लिपि में हिन्दी राजभाषा है

6. हिन्दी यदि राजभाषा है तो उसकी लिपि क्या होगी?

(A) रोमन

(B) गुरुमुखी

(C) कैथी

(D) देवनागरी

7. एक कार्यालयी–पत्र में क्या नहीं लिखा जाता?

(A) पत्रांक

(B) प्रेषक कार्यालय

(C) स्थान और दिनांक

(D) कथानक

8. कम्प्यूटर किस भाषा का शब्द है?

(A) अंग्रेजी

(B) फ्रांसीसी

(C) लैटिन

(D) ग्रीक

9. अबेकस क्या है?

(A) प्रथम गणना यंत्र

(B) प्रथम कम्प्यूटर

(C) एक तरह का बेतार

(D) सुपर कम्प्यूटर

10. भारत में विकसित परम सुपर कम्प्यूटर का निर्माण किस संस्थान ने किया?

(A) सी डैक

(B) ICCR

(C) IGCAR

(D) इनमें से कोई नहीं

11. एक जीबी (GB) में कितनी मेगाबाईट (MB) :

(A) 1000

(B) 10000

(C) 1024

(D) 2048

12. ईमेल का अर्थ क्या है?

(A) इलेक्ट्रॉनिक मेल

(B) इंस्टेंट मेल

(C) इन्वेस्टमेंट मेल

(D) इंटरकॉम मेल

13. www का आविष्कार किसने किया?

(A) टिमबर्नर्स ली

(B) एलन मस्क

(C) मार्क जुकरबर्ग

(D) Grok AI

14. इसमें कौन–सा AI नहीं है ?

(A) जैमिनी

(B) grok

(C) chatgpt

(D) अश्वगंधा

15. भारत में इन्टरनेट का आरम्भ कब हुआ?

(A) 15 अगस्त, 1995

(B) 16 अगस्त, 1995

(C) 26 जनवरी, 1995

(D) 02 अक्टूबर, 1995

16. वर्तमान समय में संविधान में कितनी भाषाएँ अनुसूचित हैं?

(A) 22

(B) 23

(C) 14

(D) 19

17. कौन–सी भाषा संविधान की अनुसूची में शामिल नहीं है?

(A) असमिया

(B) तमिल

(C) मराठी

(D) भोजपुरी

18. संविधान की किस अनुसूची में भाषाओं को रखा गया है?

(A) दूसरी

(B) सातवीं

(C) आठवीं

(D) नवीं

19. प्रयोजनमूलक हिन्दी का मुख्य उद्देश्य क्या है?
   (A) जीविकोपार्जन और व्यावहारिक कार्यों का सम्पादन
   (B) साहित्यिक आनन्द प्राप्त करना
   (C) केवल कविताएँ लिखना
   (D) प्राचीन इतिहास का अध्ययन

20. प्रयोजनमूलक हिन्दी के रूप में 'राजभाषा' का क्या अर्थ है?
   (A) विदेशी दूतावासों की भाषा
   (B) संविधान द्वारा सरकारी कामकाज के लिए स्वीकृत भाषा
   (C) आम जनता द्वारा बोली जाने वाली भाषा
   (D) केवल राजाओं के दरबार में बोली जाने वाली भाषा

21. विज्ञापन का मुख्य कार्य क्या है?
   (A) केवल मनोरंजन करना
   (B) मुफ्त में सामान बांटना
   (C) वस्तुओं की जानकारी देना और बिक्री बढ़ाना
   (D) सरकार की आलोचना करना

22. कम्प्यूटर में 'Hindi Typing' के लिए सबसे प्रचलित फॉन्ट कौन–सा है?
   (A) Calibri
   (B) Arial
   (C) Kruti Dev (कृतिदेव)
   (D) Times New Roman

23. इंटरनेट पर हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने वाली तकनीक कौन–सी है?
   (A) Paging
   (B) Binary
   (C) ASCII
   (D) Unicode (यूनिकोड)

24. पारिभाषिक शब्दावली का प्रयोग मुख्यतः किस क्षेत्र में होता है?
   (A) कथा और कहानी लेखन में
   (B) घर की बातचीत में
   (C) विज्ञान, विधि और प्रशासन में
   (D) फिल्मों के गीतों में

25. अनुवाद (Translation) का प्रयोजनमूलक हिन्दी में क्या महत्त्व है?
   (A) सिर्फ विदेशी फिल्में देखना
   (B) शब्दों को उल्टा लिखना
   (C) यह केवल समय बिताने का साधन है
   (D) ज्ञान और सूचनाओं का एक भाषा से दूसरी भाषा में आदान–प्रदान

26. कम्प्यूटर साक्षरता का अर्थ क्या है?
   (A) कम्प्यूटर के सामान्य संचालन और अनुप्रयोगों की जानकारी
   (B) कम्प्यूटर की भाषा में कविता लिखना
   (C) कम्प्यूटर को ठीक करना (Repairing)
   (D) कम्प्यूटर को खरीदना

27. दृश्य–श्रव्य (Audio-Visual) विज्ञापन का उदाहरण कौन–सा है?
   (A) रेडियो विज्ञापन
   (B) दीवार पर लगे पोस्टर
   (C) समाचार–पत्र का विज्ञापन
   (D) टेलीविजन और इंटरनेट वीडियो विज्ञापन

28. हिन्दी का प्रथम समाचार–पत्र किसे माना जाता है?

(A) बंगदूत

(B) बनारस अखबार

(C) उदंत मार्तंड

(D) सुधाकर

29. यूनिकोड के सम्बन्ध में क्या सच नहीं है?

(A) यह किसी भी कम्प्यूटर में पहले से रहता है

(B) इससे हिन्दी टाइपिंग सम्भव है

(C) नए ऑपरेटिंग सिस्टम में यूनिकोड रहता है

(D) एक आपस में बात करने की तकनीक है

30. आलोचना पत्रिका कहाँ से निकलती है?

(A) वाराणसी

(B) प्रयागराज

(C) दिल्ली

(D) कानपुर

31. ई लर्निंग में अनिवार्य घटक है :

(A) इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण

(B) पत्रिकाएँ

(C) पुस्तक

(D) कक्षा–कक्ष

32. 'सरस्वती' पत्रिका किस युग से सम्बन्धित है?

(A) शुक्ल युग से

(B) शुक्लोत्तर युग से

(C) द्विवेदी युग से

(D) भारतेन्दु युग से

33. www.hindisamay.com का प्रकाशन किस विश्वविद्यालय से होता है?

(A) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी

(B) इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज

(C) दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

(D) महात्मा गाँधी अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा

34. विकिपीडिया क्या है?

(A) एक वेबसाइट

(B) सम्पादित पुस्तक

(C) एक प्रकार का डिवाइस

(D) फूलों का उपवन

35. ज्ञान दर्शन चैनल का सम्बन्ध किस विश्वविद्यालय से है?

(A) दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

(B) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली

(C) माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय, भोपाल

(D) इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, दिल्ली

36. CPU का पूरा नाम क्या है?

(A) सेन्ट्रल प्रोसेसिंग यूनिट

(B) सेन्ट्रल पॉइंट ऑफ़ यूटिलिटी

(C) कम्प्यूटर पैनल यूनिट

(D) उक्त में से कोई नहीं

37. पीपीटी (PPT) में किसी पृष्ठ को क्या कहा जाता है?
(A) रील
(B) शॉर्ट्स
(C) स्लाइड
(D) मीम

38. एम.एस. ऑफिस (MS-Office) में क्या–क्या परिगणित किया जाता है?
(A) वर्ड
(B) एक्सेल
(C) पीपीटी
(D) उपर्युक्त सभी

39. पाणिनि पार्सर क्या है?
(A) अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद की परियोजना
(B) पुराने व्याकरणिक नियमों को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर संस्कृत भाषा को डिजिटल युग में समझने और उपयोग करने का एक उपकरण
(C) अक्षर ज्ञान सिखाने की तकनीक का विस्तार करना
(D) ट्रांसलिट्रेशन योजना

40. पाणिनि के व्याकरण ग्रन्थ का नाम क्या है?
(A) अष्टाध्यायी
(B) योगसूत्र
(C) तोल्काप्पियम
(D) हिन्दी व्याकरण

41. कम्प्यूटर में वह कौन–सा अंग है जिसे हम छू नहीं सकते?
(A) माउस
(B) मॉनिटर
(C) सीपीयू
(D) सॉफ्टवेयर

42. आम जनता के लिए जो निविदा अपनाई जाती है उसे कहते हैं :
(A) बंद निविदा
(B) खुली निविदा
(C) अकाल निविदा
(D) उक्त में से कोई नहीं

43. कम्प्यूटर पर टाइप करने के लिए सबसे अधिक उपयोग किया जाने वाला हिन्दी फॉण्ट है :
(A) कोकिला
(B) चाणक्य
(C) देवनागरी
(D) कृतिदेव

44. अहिन्दी भाषी लोगों के लिए कौन–सा सॉफ्टवेयर प्रयोग में लाया जा रहा है?
(A) लीला प्रबोध
(B) प्रवीण
(C) प्राज्ञ
(D) उपर्युक्त सभी

45. निम्नलिखित में से कौन ई लर्निंग प्रोसेस का अंग है?
(A) स्वयं
(B) मूक्स
(C) ई पाठशाला
(D) उपर्युक्त सभी

46. संक्षेपण की शैली होनी चाहिए :
   (A) सूत्रात्मक
   (B) व्याख्यात्मक
   (C) रचनात्मक
   (D) उक्त में से कोई नहीं

47. टिप्पण के लिए आवश्यक है कि :
   (A) वह संक्षिप्त हो
   (B) वह जितना बड़ा हो सके, उतना बड़ा हो
   (C) वह बिखरा हुआ हो
   (D) अस्पष्ट हो

48. टिप्पण और टिप्पणी के सम्बन्ध में क्या सही है?
   (A) दोनों एक ही हैं
   (B) टिप्पण वास्तव में टिप्पणी लिखने की प्रक्रिया है
   (C) पत्र लिखने से पहले ही टिप्पण लिखा जाता है
   (D) उक्त में से कोई नहीं

49. संक्षेपण करते समय क्या नहीं करना चाहिए?
   (A) मूल अनुच्छेद को पढ़ना
   (B) मुहावरे, लोकोक्ति कहावत आदि हटाना
   (C) मूल विचार को चिह्नित कर क्रमबद्ध करना
   (D) शीर्षक देने की आवश्यकता नहीं है

50. पल्लवन की रचना के सम्बन्ध में क्या सही है?
   (A) यह सदैव अन्य पुरुष में होनी चाहिए
   (B) इसमें फूल पत्ती का प्रयोग करना चाहिए
   (C) पल्लवन में अप्रासंगिक बातों को खूब महत्त्व मिलना चाहिए
   (D) पल्लवन का शाब्दिक अर्थ है– संक्षेपित

51. संविधान का कौन–सा अनुच्छेद राज्य को हिन्दी के प्रसार, विकास और समृद्धि के लिए प्रयास करने का निर्देश देता है?
   (A) अनुच्छेद 344
   (B) अनुच्छेद 351
   (C) अनुच्छेद 348
   (D) अनुच्छेद 345

52. संविधान निर्माण के प्रारंभिक प्रावधानों में संघ की राजभाषा हिन्दी के साथ अंग्रेजी का प्रयोग कब तक जारी रह सकता था?
   (A) 5 वर्ष तक
   (B) 25 वर्ष तक
   (C) संविधान में कोई समय–सीमा नहीं; संसद द्वारा तय
   (D) हमेशा के लिए

53. निम्नलिखित में से कौन–सा कथन हिन्दी की संवैधानिक स्थिति से सही मेल खाता है?
   (A) हिन्दी संघ की एकमात्र राजभाषा है तथा अंग्रेजी का कोई स्थान नहीं
   (B) हिन्दी संघ की राजभाषा है और अंग्रेजी का सह–उपयोग संवैधानिक रूप से स्वीकार्य है
   (C) हिन्दी केवल राज्य की भाषा है
   (D) हिन्दी को राष्ट्रभाषा शब्द संविधान में प्रयुक्त किया गया है

54. हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है?

(A) 14 सितम्बर

(B) 10 जनवरी

(C) 08 मार्च

(D) 01 अप्रैल

55. कम्प्यूटर का मस्तिष्क किसे कहा गया है?

(A) RAM

(B) ROM

(C) CPU

(D) माउस

56. निम्न में से कौन–सा पत्र कानपुर से निकलता था?

(A) माधुरी

(B) प्रताप

(C) जागरण

(D) केसरी

57. राजभाषा आयोग का गठन कब हुआ था?

(A) 07 जून, 1955

(B) 17 जून, 1955

(C) 27 जून, 1955

(D) 05 जून, 1955

58. राजभाषा आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?

(A) डॉ. रघुवीर

(B) रघुवीर सहाय

(C) बाल गंगाधर खेर

(D) बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर

59. केन्द्रीय हिन्दी संस्थान कहाँ स्थित है?

(A) दिल्ली

(B) आगरा

(C) कोलकाता

(D) चेन्नई

60. केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय की पत्रिका का नाम क्या है?

(A) भाषा

(B) बहुवचन

(C) पुस्तक वार्ता

(D) उत्तर प्रदेश

61. नागरी लिपि और हिन्दी भाषा तथा साहित्य को समर्पित संस्था नागरी प्रचारिणी सभा का मुख्यालय कहाँ है?

(A) काशी

(B) हरिद्वार

(C) उज्जैन

(D) इंदौर

62. हिन्दी की 'सम्पर्क भाषा' (Link Language) के रूप में क्या भूमिका है?
 (A) केवल संस्कृत शब्दों का प्रयोग
 (B) किसी से बात न करना
 (C) विभिन्न भाषा–भाषियों के बीच संवाद का माध्यम
 (D) केवल उत्तर–भारत में बोलना

63. संक्षेपण का विपरीत क्या है?
 (A) पल्लवन
 (B) प्रारूपण
 (C) टिप्पणी
 (D) प्रतिवेदन

64. प्रयोजनमूलक हिन्दी का दूसरा नाम क्या है?
 (A) कामकाजी हिन्दी
 (B) कार्यालयी हिन्दी
 (C) बोलचाल की हिन्दी
 (D) राष्ट्रभाषा हिन्दी

65. भारतेन्दु युग के बारे में क्या सही है?
 (A) इस युग में हिन्दी नयी चाल में ढली
 (B) इस समय हिन्दी को राजभाषा बनाया गया
 (C) हिन्दी राजकाज की भाषा बनाई गयी
 (D) इस काल तक कार्यालयी हिन्दी का स्वरूप बन गया था

66. 'प्रयोजनमूलक हिन्दी' शब्द का अंग्रेजी शब्द है :
 (A) फंक्शनल हिन्दी
 (B) ऑफिशियल हिन्दी
 (C) लोकल हिन्दी
 (D) इनमें से कोई नहीं

67. विज्ञापन शब्द में कौन–सा उपसर्ग है?
 (A) वि
 (B) पन
 (C) ज्ञापन
 (D) विज्ञा

68. किसे संस्कृति का वाहक कहा गया है?
 (A) आचार व्यवहार
 (B) भाषा
 (C) वस्त्रादि
 (D) भोजन

69. हिन्दी में प्रारूप लेखन शब्द को अंग्रेजी में क्या कहते हैं?
 (A) एडिटिंग
 (B) ड्राफ्टिंग
 (C) नोटिंग
 (D) कम्प्यूटिंग

70. जब किसी पत्र का उत्तर आने में अत्यधिक विलम्ब हो जाता है तो सम्बन्धित अधिकारी को पुनः स्मरण दिलाने के लिए जो पत्र लिखा जाता है उसे क्या कहते हैं?
 (A) अनुस्मरण–पत्र
 (B) आवेदन–पत्र
 (C) कार्यालय ज्ञापन
 (D) पंजीकृत सूचना

71. पारिभाषिक शब्दावली से तात्पर्य है :
 (A) सामान्य बोलचाल के शब्द
 (B) विशिष्ट क्षेत्र में निश्चित अर्थ व्यक्त करने वाले शब्द
 (C) साहित्यिक शब्द
 (D) विदेशी शब्द

72. भारतीय संविधान के अनुसार संघ की राजभाषा क्या है?

(A) अंग्रेजी

(B) हिन्दी (देवनागरी लिपि में)

(C) संस्कृत

(D) उर्दू

73. हिन्दी को देवनागरी लिपि में राजभाषा के रूप में स्वीकार करने का संवैधानिक प्रावधान किस अनुच्छेद में है?

(A) अनुच्छेद 341

(B) अनुच्छेद 343

(C) अनुच्छेद 351

(D) अनुच्छेद 370

74. निविदा में क्या आवश्यक है?

(A) निविदा मुहरबंद लिफाफे में होनी चाहिए

(B) कार्यालय का नाम

(C) अनुबंध की शर्तें

(D) उपर्युक्त सभी

75. प्रेस नोट में रहता है :

(A) सरकारी घोषणा

(B) निजी निर्णय

(C) घरेलू कथाएं

(D) मनोहर कहानियाँ

76. प्रतिवेदन के सम्बन्ध में क्या सही नहीं है?

(A) इसे संक्षिप्त होना चाहिए

(B) किसी कार्यवाही की सभी मुख्य बातें आ जाएँ

(C) एक ही बात बार–बार नहीं आये

(D) प्रतिवेदन का शीर्षक कुछ भी हो सकता है

77. किसी कार्यालय में उच्चाधिकारी को फाइल पर दी गई राय को क्या कहते हैं?

(A) प्रारूपण

(B) टिप्पण (Noting)

(C) प्रतिवेदन

(D) संक्षेपण

78. 'Approval' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द क्या है?

(A) स्वीकार

(B) अनुमोदन

(C) स्वीकृति

(D) अनुमति

79. 'Notification' के लिए सही हिन्दी शब्द है :

(A) सूचना

(B) विज्ञप्ति

(C) अधिसूचना

(D) ज्ञापन

80. अर्ध–सरकारी पत्र (D.O. Letter) में किस पुरुष शैली का प्रयोग होता है?

(A) अन्य पुरुष

(B) मध्यम पुरुष

(C) उत्तम पुरुष

(D) उपर्युक्त सभी

81. राजभाषा नियम 1976 के अनुसार 'क' क्षेत्र (हिन्दी भाषी) के अन्तर्गत कौन–सा राज्य नहीं आता है?

(A) बिहार

(B) उत्तर प्रदेश

(C) महाराष्ट्र

(D) हरियाणा

82. डॉ. रघुवीर निम्न में से क्या नहीं हैं?

(A) भाषाविद्

(B) कोशकार

(C) संविधान सभा के सदस्य

(D) कम्प्यूटर के जानकार

83. हिन्दी राजभाषा और लिपि देवनागरी होगी, यह व्यवस्था किस अनुच्छेद में है?

(A) 343

(B) 344

(C) 345

(D) 346

84. 'सरस्वती' पत्रिका के सम्पादक कौन थे, जिन्होंने हिन्दी गद्य को नई दिशा दी?

(A) श्याम सुन्दर दास

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(C) जैनेन्द्र कुमार

(D) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन अज्ञेय

85. सम्पादक का मुख्य काम क्या है?

(A) कहानियाँ सुनाना

(B) कहानियाँ लिखना

(C) रचनाओं का चुनाव करना

(D) पत्रिका छापना

86. द्विवेदी युग में हिन्दी गद्य की 'शुद्धता' की मांग किस भाषाई संदर्भ में थी?

(A) तत्सम शब्दों का प्रयोग

(B) बोलचाल की भाषा का समावेश

(C) अंग्रेजी प्रभाव का समावेश

(D) ब्रजभाषा का पुनरुत्थान

87. सोशल मीडिया का उदाहरण नहीं है :

(A) फेसबुक

(B) इन्स्टाग्राम

(C) एक्स (पूर्व में ट्विटर)

(D) गीता प्रेस

88. गीता प्रेस से प्रकाशित होने वाली पत्रिका का नाम क्या है?

(A) सरस्वती

(B) कल्याण

(C) कवि वचन सुधा

(D) हंस

89. निम्नलिखित में से कौन ब्लॉग लिखने के लिए जाने जाते हैं?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) आनंद कुमार स्वामी

(C) बालेन्दु शर्मा दाधीच

(D) कुबेरनाथ राय

90. इसमें से कौन–सा ब्लॉग हिन्दी भाषा और लिपि को समर्पित है?

(A) शब्द शिल्पी

(B) जानकी पुल

(C) कथावार्ता

(D) निषाद बांसुरी

91. पारिभाषिक शब्द का एक अन्य नाम क्या है?

(A) तकनीकी शब्द

(B) प्रशासनिक शब्द

(C) विधिक शब्द

(D) बोलचाल के शब्द

92. पारिभाषिक शब्दावली की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषता है :

(A) बहुअर्थी होना
(B) एकार्थक एवं निश्चित अर्थ होना
(C) केवल साहित्यिक प्रयोग
(D) भावात्मक होना

93. पारिभाषिक शब्दावली का निर्माण मुख्यतः किस आधार पर होता है?

(A) लोकप्रियता
(B) शब्द–रचना के वैज्ञानिक सिद्धान्तों (उपसर्ग, प्रत्यय, समास आदि) पर
(C) केवल अंग्रेजी शब्दों का सीधा अनुवाद
(D) काव्यात्मकता

94. प्रयोजनमूलक हिन्दी में पारिभाषिक शब्दावली का सबसे बड़ा महत्त्व क्या है?

(A) साहित्य सृजन
(B) ज्ञान–विज्ञान, प्रशासन, विधि एवं तकनीक के क्षेत्र में स्पष्ट एवं एकसमान संचार
(C) मनोरंजन
(D) कविता लेखन

95. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'कार्यसूची' का पारिभाषिक शब्द है?

(A) मिनट्स
(B) एजेंडा
(C) प्रोसीडिंग्स
(D) मेमोरेंडम

96. 'कार्यवृत्त' किसका पारिभाषिक हिन्दी शब्द है?

(A) ड्राफ्ट
(B) मिनट्स
(C) नोटिंग
(D) ऑर्डर

97. 'ज्ञापन' किस अंग्रेजी शब्द का पारिभाषिक रूप है?

(A) Affidavit
(B) Notification
(C) Memorandum
(D) Gazette

98. 'शपथ–पत्र' किसका पारिभाषिक हिन्दी शब्द है?

(A) Certificate
(B) Affidavit
(C) Order
(D) Bill

99. 'अधिसूचना' किस अंग्रेजी शब्द का सही पारिभाषिक हिन्दी शब्द है?

(A) Notice
(B) Memorandum
(C) Circular
(D) Notification

100. निम्नलिखित में से कौन–सा कथन पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण के सिद्धान्त से मेल नहीं खाता?

(A) शब्द एकार्थक होने चाहिए
(B) शब्द क्षेत्र–विशेष से जुड़े होने चाहिए
(C) शब्दों का अर्थ बदलता रहना चाहिए
(D) हिन्दी की स्वाभाविक रचना–विधि का प्रयोग होना चाहिए

रफ कार्य

रफ कार्य

**Example :**

**Question :**

Q.1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

Q.2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

Q.3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

5. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.
6. All answers are to be given on OMR Answer Sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.
7. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.
8. After the completion of the examination, candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.
9. There will be no negative marking.
10. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.
11. To bring and use of log-book, calculator, pager & cellular phone in examination hall is prohibited.
12. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is any discrepancy in the question Booklet, then after showing it to the invigilator, get another question Booklet of the same series.**

**उदाहरण :**

**प्रश्न :**

प्रश्न 1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

प्रश्न 2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

प्रश्न 3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

5. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
6. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
7. ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।
8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।
9. निगेटिव मार्किंग नहीं है।
10. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।
11. परीक्षा-कक्ष में लॉग-बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।
12. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

**महत्वपूर्णः प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**